देश में कच्चे तेल, गैस के उत्पादन और तेल शोधक कारखानों की स्थापना हेतु लगभग 33,000 करोड़ रुपए व्यय करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो इस निवेश के बाद देश में पैट्रोलियम पदार्थों की मांग और पूर्ति में कितना अन्तर रह जाने की संभावना है ; और

(ग) यह मांग और पूर्ति का अंतर वर्तमान अंतर की तुलना मे कितना अधिक या कम होगा ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) (क) आठवीं पंचवर्षीय योजना में तेल क्षेत्र में 24,000 करोड़ रुपए का निवेश परिकल्पित है।

(ख) और (ग) पैट्रोलियम उत्पादों की मांग और पूर्ति के बीच के वर्तमान अन्तराल को 11 मिलियन टन के स्तर तक होने की संभावना है। पैट्रोलियम उत्पादों के लिए मांग में वृद्धि के कारण 1996–97 तक इसके बढ़कर करीब 15 मिलियन टन होने की संभावना है।

World Bank study on Indian oil sector

2992. SHRIMATI SUSHMA SWARAJ:
DR. JINENDRA KUMAR JAIN:
SHRI RAMDAS AGARWAL:

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to a newsitem published in the 'Hindustan Times' dated the 24th July, 1992 under the caption 'India lost $ 2 billion in Oil Sector' according to the latest study undertaken by the World Bank;

(b) whether it is a fact that in the study report World Bank has pointed out the reasons for decline in our Crude production;

(c) if so, what are the details thereof Government's reaction thereto;

(d) whether it is a fact that India lost nearly $ 2 billion between 1986 and 1990 as a result of the inefficient use of investible resources in the oil sector;

(e) whether it is also a fact that Government's policy since early 80's of inviting private companies to explore oil was of a role risk basis and that the production sharing arrangements were not competitive and sites offered for exploration not promising; and

(f) if so, what steps Government propose to take to reduce its dependence on imports of oil products in order to save precious foreign exchange in the country as well as explore more way for exploration/production of oil?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) Yes, Sir.

(b) to (d) In a Memorandum prepared by the World Bank, a reference has been made to implementation delays leading to gas flaring and reservoir mismanagement. To contain the flaring of gas, ONGC have undertaken the Gas Flaring Reduction project in the Western offshore region at an estimated cost of US $ 3.2 billion. Projects to reduce flaring are also being implemented in Gujarat and Assam. For maintaining the health of the reservoir, ONGC have taken up rectificatory measures as suggested by the Dasgupta Committee.

(e) No, Sir.

(f) Does not arise.

तेलशोधक कारखानों का स्थापित किया जाना

2993. **श्री विनोद शर्मा** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने पश्चिमी, पूर्वी व केंद्रीय क्षेत्र में तेलशोधक कारखाने स्थापित करने का विचार किया था ;

(ख) यदि हां, तो पश्चिमी क्षेत्र में इस प्रकार का तेल शोधक कारखाना स्थापित करने के इरादे के छोड दिए जाने के क्या कारण हैं ;